# मोदी को लगता है वे सब जानते हैं, वे भगवान को भी सिखा सकते हैं - अमेरिका में राहुल गाँधी

**लोकजीवन न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली**

सैन फ्रांसिस्को , कांग्रेस नेता राहुल गांधी छह दिन के लिए अमेरिका आए हुए हैं। वह यहां तीन शहरों का दौरा करेंगे। इस बीच, राहुल गांधी ने बुधवार सुबह सैन फ्रांसिस्को में भारतीयों को संबोधित किया। उन्होंने यहां भाजपा और भारत के प्रधानमंत्री पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भारत में कुछ लोगों को लगता है कि वे सब कुछ जानते हैं। वे भगवान को भी चीजें सिखा सकते हैं और हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनमें से एक हैं। इस दौरान उन्होंने अपनी भारत जोड़ो यात्रा के बारे में भी बात की।

### लोगों को डरा रही भाजपा

कैलिफोर्निया के सांता क्लारा में एक कार्यक्रम में गांधी ने कहा कि भाजपा और आरएसएस भारत में राजनीति के सभी उपकरणों को नियंत्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपनी भारत जोड़ो यात्रा शुरू करने से पहले, उन्होंने महसूस किया कि ऐतिहासिक रूप से राजनीति में इस्तेमाल होने वाले सामान्य उपकरण अब काम नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा लोगों को धमका रही है और सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। भारत जोड़ो यात्रा इसलिए शुरू हुई क्योंकि लोगों से जुड़ने के लिए हमें जिन सभी साधनों की जरूरत थी, वे सभी भाजपा-आरएसएस द्वारा नियंत्रित थे।

राहुल ने अपनी यात्रा को लेकर कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मैं थका नहीं क्योंकि मेरे साथ पूरा भारत था। सरकार ने पुलिस बल का प्रयोग करते हुए मेरी यात्रा को रोकने की पूरी कोशिश की। इसके बावजूद दौरे का असर बढ़ता गया। राहुल गांधी ने नई संसद को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा कि इसे बदलना नहीं चाहिए था। आज मुस्लिम अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे है। यहां तक कि दलित, सिख, ईसाई भी। उन्होंने आगे कहा कि नफरत को नफरत से नहीं काटा जा सकता है। बल्कि नफरत को प्यार से दूर किया जा सकता है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि पीएम मोदी को अगर आप भगवान के सामने भी बैठा देंगे, तो वह उन्हें भी बता देंगे कि क्या करना है। ब्रह्मांड कैसे बनाना है ये भी वह भगवान को बता सकते हैं। उन्होंने एक बार फिर केंद्रीय एजेंसियों के गलत उपयोग का सरकार पर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार केंद्रीय एजेंसियों का सहारा लेकर विपक्ष को निशाना बना रही है। हर कोई उनके खिलाफ बोलना चाहता है तो उनपर कार्रवाई कर दी जाती है। केंद्रीय एजेंसियों का दुर्व्यवहार किया जा रहा है। लोगों को डराया धमकाया जा रहा है। इसकी वजह से राजनीति में कठिनाई आ रही है।

## निशुल्क नेत्र जांच शिविर में 65 मरीजों की जांच

**भीलवाड़ा।** विश्वास फाउंडेशन द्वारा निशुल्क नेत्र जांच परामर्श एवं ऑपरेशन शिविर ग्राम बोरड़ा के राजकीय उच्च कन्या विद्यालय में आयोजित किया गया। अध्यक्ष आशा रामावत ने बताया कि पुर, बोरड़ा गांव में स्व. द्वारका प्रसाद रामावत की पुण्यतिथि पर जिला अंधता सोसाइटी व रामस्नेही चिकित्सालय के सहयोग से शिविर हुआ। शिविर में 65 मरीजों ने नेत्र जांच करवाई जिनमें से 17 का निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। शिविर में रामस्नेही चिकित्सालय के डॉ सुरेश भदादा एवं उनकी टीम द्वारा मरीजों की निशुल्क जांच कर दवाइयां दी गई। ऑपरेशन योग्य मरीजों को रामस्नेही अस्पताल में निशुल्क ऑपरेशन हेतु बुलवाया गया। कार्य म में भाजपा जिलाध्यक्ष लादू लाल तेली, महामंत्री बाबूलाल टाक, पूर्व महामंत्री तुलसीराम शर्मा, विजय रामावत, मनोज रामावत, कन्हैया लाल स्वर्णकार, शर्मिला रामावत, विश्वास फाउंडेशन महासचिव सुनील राठी, कोषाध्यक्ष सुलक्षणा शर्मा, सहसचिव मुकेश सोनी, प्रहलादराय व्यास, पवन अग्रवाल, लादूराम वैष्णव, मधु जाजू, शशि अग्रवाल, मधु मेहता, नीमला बुलिया, गीता मूंदड़ा, गीता लड़ा, सरला शर्मा, डालू जाट सहित सदस्य मौजूद रहे।

## केपीएल का फाइनल मुकाबला आज





**शाहपुरा।** सीनियर सैकंडरी स्कूल में मैदान में चल रही कहार प्रीमियम लीग 5 क्रिकेट प्रतियोगिता के छठे दिन के सेमीफइनल मैच में पहला सेमीफाइनल शाहपुरा रॉयल चेलेंजर्स वर्सेज शाहपुरा सुपर्किंग्स के मध्य खेला गया जिसमे शाहपुरा रॉयल रॉयल चेलेंजर्स ने मैच जीता। पार्षद दुर्गा लाल कहार ने बताया की दूसरा सेमीफाइनल मैच शाहपुरा टाइगर्स वर्सेज शाहपुरा टाइटंस के मध्य खेला गया जिसमे शाहपुरा टाइटंस विजेता रही। फाइनल शाहपुरा रॉयल चलेंजर्स वर्सेज शाहपुरा टाइटंस के मध्य खेला जायेगा।

## शिक्षा जीवन का आधार, बिना शिक्षा मनुष्य का जीवन दिशाहीन - शर्मा



**शाहपुरा।** शिक्षा ही जीवन का आधार है और बिना शिक्षा के मनुष्य का जीवन अर्थहीन व दिशाहीन हो जाता है। एक सफल जीवन में शिक्षा का विशेष महत्व होता है। शिक्षा जीवन का आधार होती है, और शिक्षा से ही मनुष्य अपने जीवन मे अग्रसर होता है, सही गलत में अंतर कर सकते हैं। अगर बच्चों को उच्च एवं संस्कारित शिक्षा दी जाए तो बच्चा आगे चल कर अपने परिवार के साथ साथ देश एवं राष्ट हित में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगा। यह बात सोमवार को जेके लक्ष्मी सीमेंट द्वारा जारी विद्या योजना अंतर्गत क्षेत्र के राजमिस्त्रीयों व ठेकेदारों के बच्चों को स्टडी किट वितरण कार्यक्रम में स्थानीय डीलर व पार्षद भगवती प्रसाद शर्मा ने कही। मार्केटिंग मैनेजर राकेश कुमार गुर्जर ने कहा कि शिक्षा के बल पर ही बच्चे आगे बढ़ सकते हैं और देश को विकास के रास्ते तक ले जा सकते है। इस मौके पर राजेंद्र शर्मा, मुकेश जाट, महावीर बेरवा, देवकरण बेरवा, प्रेम चंद्र रेगर, दिनेश गुर्जर, रामस्वरूप बेरवा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जे.के. सीमेन्ट वर्क्स ने लगाया पशु चिकित्सा शिविर



**निम्बाहेड़ा।** जे.के. सीमेन्ट वर्क्स द्वारा सामाजिक सेवा उत्तरदायित्व के तहत अरनिया पालीवाल गांव में एक दिवसीय पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यूनिट हेड आर.वी.एम. त्रिपाठी एवं हेड एचआर प्रभाकर मिश्रा के मार्गदर्शन में चल रहे ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के तहत् कम्पनी के उप महाप्रबन्धक अजय कुमार उपाध्याय द्वारा केम्प का दौरा किया। शिविर में डॉ. प्रवीण कुमार व उनकी टीम ने गाय 136, गैस 67 एवं बकरी 32 कुल 53 पशुपालको कृमिनाशक, टॉक्स दवा, मिनिरल मिक्चर दवा का निः शुल्क वितरण किया गया। इस दौरान प्रबंधक सीएसआर मनीष कुमार शर्मा, केन्द्र प्रभारी कन्हैया लाल कुम्हार, विकास, प्रकाश, कमलेश धाकड़, उमेश पुर्विया, ओमेन्द्र सिंह, नन्द किशोर सोनी मौजूद रहे।

## राज्यमंत्री धीरज गुर्जर का अल्पसंख्यक कॉग्रेस ने किया स्वागत



**लोकजीवन न्यूज सर्विस, गुलाबपुरा**

बीज निगम अध्यक्ष राज्य मंत्री धीरज गुर्जर का हुरड़ा रोड पर अल्पसंख्यक समाज द्वारा स्वागत किया गया । इस मौके पर मुस्लिम समाज के पूर्व सदर इलियास भाई नगर पालिका पूर्व वाइस चेयरमैन सलीम बाबू, अल्पसंख्यक ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद रईस कुरैशी,एडवोकेट शरीफ गौरी, नगर कांग्रेस के पूर्व महामंत्री अशोक मौर्य, उम्मेद खा,किसान यूनियन टिकेत के जिलाध्यक्ष हरिकिशन चौधरी, हुसैन लोहार, एहसान कुरेशी, मोहनलाल, एडवोकेट रवि कुमार, हारून कुरेशी, शहीद भाई, याकूब कुरेशी, सरफु लोहार, सलाम मंसूरी, सदीक मोहम्मद, आजाद चनाफरोश, इरफान कुरैशी,अयान खान,अरशद खान, आदि मौजूद रहे। गुर्जर समाज सेवी सलीम कुरैशी (ठेकेदार) के निवास स्थान पर पहुच कर सभी कॉग्रेस कार्यकर्ताओ से मिले। इस दौरान पालिकाध्यक्ष सुमित काल्या, नगर कांग्रेस अध्यक्ष मदुसुदन पारीक, पार्षद रामदेव खारोल इत्यादि मौजूद रहे।

## सात दिवसीय योग शिविर का शुभारम्भ



**गुलाबपुरा।** भारत विकास परिषद् द्वारा जिंक आवासीय परिसर में योग शिविर का शुभारंभ महाप्रबंधक संजय शर्मा एडमिन हेड पुनीत बोराडिया फाइनेंस हेड पुनीत चौधरी के सानिध्य में कराया गया ।शिविर 31 मई से 6 जून तक आयोजित किया जाएगा। प्रभारी संस्कार प्रमुख पिंकी शर्मा सोनिया शर्मा इंद्रा जैन सहित अध्यक्ष कन्हैया लाल सोनी सचिव दिनेश छतवानी वित्त सचिव शिवदयाल डाड़ अजय शर्मा सुधीर पारीक आदि उपस्थित थे। संचालन किशोर राजपाल ने किया। प्रशिक्षिका मीना शर्मा सहित सभी अतिथियों का स्वागत किया गया।

## विद्यार्थियों को पीड़ीत मानव सेवा निस्वार्थ भाव से करें- सारस्वत



**लोकजीवन न्यूज सर्विस, बिजयनगर**

विद्यार्थियों को पीड़ित मानव की निस्वार्थ भाव से सेवा करने की करें । यह उद्गार मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य कुंजलतता सारस्वत ने राष्ट्रीय सेवा योजना के समाज सेवा शिविर में किए। इस दौरान शिविर के माध्यम से सेवा कार्य करने पर जोर दिया।इस दौरान शिविर प्रभारी कल्पना सिंह ने बताया विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना को जागृत कर अपने गांव एवं शहर के नागरिकों के साथ मिलकर सृजनात्मक और रचनात्मक करें इस थीम पर शिविर में सिखाया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को सामाजिक जीवन से सरोकार करवाना। शिविर में 31 छात्राओं ने भाग लिया शिविर प्रभारी कल्पना सिंह ने छात्राओं को ज्यादा से ज्यादा सरकारी स्कूल में प्रवेश करवाने हेतु छात्राओं को प्रेरित किया। छात्राओं ने शिविर में पौधारोपण, विद्यालय परिसर की सफाई, डस्टर बनाना, नारा लेखन, पोस्टर बनाना, गमलों पर रंग-रोगन अनुपयोगी से उपयोगी वस्तुएं बनाना इत्यादि कार्य किए गए।

## किस्मत का राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में चयन



**गुलाबपुरा।** बीकानेर में हुए 19 वर्ष बालिका वर्ग ट्रायल में विवेकानंद केंद्र विद्यालय हुरड़ा की छात्रा किस्मत पंड्या ने 10 मीटर राइफल शूटिंग में सटीक निशाने लगा कर राजस्थान टीम में अपनी जगह पक्की की । किस्मत दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की शूटिंग प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेगी । राष्ट्रीय स्तर पर चयन होने पर प्रधानाचार्या आशा गोयल ने बधाई दी।


## RANJAN POLYSTERS LIMITED

Regd. Office: 11-12th K.M Stone, Chittorgarh Road, Guwardi, Bhilwara- 311001 (Rajasthan).
Email: ranjanpoly@gmail.com, Website: www.ranjanpolysters.com
CIN: L24302RJ1990PLC005560, Tel No.- 01482-297132

**EXTRACT OF AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31STMARCH, 2023**

(Rs. in Lacs, except as stated)

| Sr. No. | Particulars | Quarter Ended | | | Year Ended | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.03.2023 | 31.12.2022 | 31.03.2022 | 31.03.2023 | 31.03.2022 |
| 1. | Total Income from Operations (Net) | 2250.64 | 2112.79 | 1583.02 | 8433.65 | 5283.96 |
| 2. | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 176.40 | 77.52 | 40.90 | 398.93 | 93.48 |
| 3. | Net Profit / (Loss) for the period before Tax(after Exceptional and/or Extraordinary items) | 176.40 | 77.52 | 40.90 | 398.93 | 93.48 |
| 4. | Net Profit / (Loss) for the period after Tax(after Exceptional and/or Extraordinary items) | 132.52 | 56.64 | 29.20 | 284.19 | 53.57 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 130.23 | 56.30 | 23.49 | 280.90 | 52.24 |
| 6. | Equity Share Capital (Face Value Rs. 10/- each) | 300.09 | 300.09 | 300.09 | 300.09 | 300.09 |
| 7. | Reserve excluding Revaluation Reserve | | | | 1051.97 | 779.03 |
| 8. | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations)- | | | | | |
| | 1.Basic | 4.41 | 1.89 | 0.97 | 9.47 | 1.79 |
| | 2. Diluted | 4.41 | 1.89 | 0.97 | 9.47 | 1.79 |

Note:-
1. The above financial results were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company at their respective meeting held on 30th May, 2023. The statutory Auditors have audited the results for the quarter and year ended March 31,2023.
2. The Financial Statement of the Company have been prepared in accordance with Indian Accounting Standards (Ind AS) notified under the Companies (Indian Accounting Standards) Rules,2015 as amended by the Companies (Indian Accounting Standards) Amendment Rules, 2016, prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013, and other recognized accounting practices and Policies to the extent applicable.
3. The above is an extract of the detailed format of Audited Financial Results for the Quarter and Year ended 31.03.2023 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the Stock Exchange website, www.msei.inand on the company's website, www.ranjanpolysters.com.
4. The figures of the previous period/year have been regrouped/recast wherever considered necessary.
5. The company's business activities constitute a single operating segment (textiles), in terms of Indian Accounting Standard – 108
6. The figures of the quarter ended 31st March, 2023 and 31st March, 2022 are the balancing figures between the audited figures in respect to the full financial year and published year to date figures of the third quarter of the respective financial year.

By the order of the Board
S/d
Mahesh Kumar Bhimsariya
Managing Director
DIN No. 00131930

Date: 30th may, 2023
Place: Bhilwara